# ग्वालियर-डबरा दस से बीस तक हाई अलर्ट पर

## तीन बड़े कथावाचक डबरा आने वाले हैं

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** ग्वालियर से डबरा तक दस फरवरी से लेकर बीस फरवरी तक हाई अलर्ट रहने वाला है। इन दस दिनों में तीन तीन कथाकार डबरा पहुंचने वाले हैं और इन्हें सुनने के लिए भारी संख्या में लोग प्रदेश भर से पहुंचने वाले हैं। काफी सारे वीवीआईपी भी इस दौरान डबरा पहुंचेंगे। इसलिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी से खाका खींचना शुरु कर दिया है ताकि डबरा में भी सब कुछ शांति से चलता रहे और ग्वालियर से डबरा के बीच भी किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति ना बनने पाए। **तीनों के ही हैं काफी प्रशंसक:** डबरा में होने वाले धार्मिक आयोजन में शिवकथा सुनाने वाले सीहोर के पंडित प्रदीप मिश्रा भी पहुंच रहे हैं तो रामकथा सुनाने वाले कुमार विश्वास और बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी चार दिन तक डबरा में धर्म की गंगा बहाएंगे। शुरुआती तीन दिन 10 से 13 तक पंडित प्रदीप मिश्रा के नाम रहेंगे तो 14 से 16 कुमार विश्वास अपने संबोधन से श्रोताओं को बांधेंगे। 17 से बीस फरवरी धीरेंद्र शास्त्री के नाम बुक है। **लाखों श्रृद्धालु पहुंचेंगे :** तीनों कथाकार को सुनने के लिए डबरा में मध्यप्रदेश और डबरा से सटे यूपी से लाखों भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है और इस दौरान ग्वालियर-दतिया-झांसी नेशनल हाईवे पर वाहनों का अत्याधिक दबाव रहने वाला है। इसमें रह-रहकर वीवीआईपी के काफिले भी दौड़ते नजर आएंगे इसलिए पुलिस के लिए पहली चुनौती सड़क मार्ग के क्लियर रखने की है। इसके बाद डबरा के भीतर सब कुछ सामान्य चलता रहे, इसके लिए पुलिस को काफी पसीना बहाना होगा।

**इनका कहना है...**
काफी लोग इस धार्मिक आयोजन में आएंगे। इसी लिहाज के पुलिस ने अपना प्लान तैयार किया है। हाईवे पर लगातार पुलिस की गश्त रहेगी। क्रेन भी खड़ी रखी जाएंगी ताकि किसी हादसे की स्थिति में तुरंत रास्ता क्लियर करवाया जा सके। डबरा शहरी क्षेत्र में लोगों का दबाव काफी रहने वाला है, इसलिए अलग-अलग रूट प्लान तैयार किए गए हैं। ताकि आयोजन स्थल तक जाने वाले और वहां से निकलने वालों को कोई परेशानी नहीं हो। कितने वीवीआईपी आएंगे.. ? यह तो समय पर ही पता चलेगा।
**धर्मवीर सिंह, पुलिस कप्तान ग्वालियर**

# बदमाशों पर हावी पुलिस, कॉम्बिंग गश्त में 245 वारंटी पकड़े

## 11 अवैध शराब बेचने वाले तो एक अवैध हथियार के साथ पकड़ा



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** बदमाशों पर शुक्रवार की रात भारी रही, पूरे जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में एक साथ की गई कॉम्बिंग गश्त में रात के समय घर पर आराम से सो रहे 245 वारंटियों को पुलिस ने उठा लिया। साथ ही 319 गुण्डे एवं हिस्ट्रीशीटरों के घरों के दरवाजे खटखटाकर उन्हें बता दिया कि शाति से रहें नहीं तो पुलिस छोड़ेगी नहीं। गश्त के दौरान पुलिस ने 6 स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ा है, इसके साथ ही वारदात की

नीयत से घूम रहे बदमाश को पुलिस ने अवैध हथियार से साथ दबोच लिया। ग्वालियर जिले के सभी थानों में पुलिस ने एक साथ रात में गश्त की। इस दौरान उन्होंने एक-एक वारंटी के घरों के दरवाजे खटखटाने शुरू कर दिए। पुलिस ने फरार चल रहे 245 वारंटियों को दवोच लिया। इनमें से कई वारंटी सालों से फरार चल रहे थे। इसके साथ ही पुलिस शहर के हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के घरों पर पहुंची, घरों में आराम से सो रहे बदमाशों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि रात 2 बजे पुलिस उनका दरवाजा खटखटा देगी।

**अवैध शराब का धंधा करने वाले 11 पकड़े:** कॉम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब का कारोबार करने वाले भी पुलिस के टारगेट पर रहे। एक साथ पूरे थाने की पुलिस को देखकर अवैध शराब बेचने वाले भाग नहीं जाएं, इसके लिए पहले पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों की घेराबंदी की, इसके बाद दबिश दी। कोतवाली, कंपू, झांसी रोड, मुरार, भितरवार, बेलगढ़ा, घाटीगांव में पुलिस ने 1-1 अवैध शराब के प्रकरण दर्ज किए। जबकि उटीला व करहिया में अवैध शराब के 2-2 प्रकरण दर्ज किए हैं।

**दबे पांव बदमाशों के घर पहुंची पुलिस:** पुलिस के सावरनों एवं गाड़ियों की आवाज सुनकर बदमाश माग नहीं जाएं। इसके लिए पुलिस ने रात के समय बदमाशों के घरों के पास पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने गुण्डे, बदमाश, एवं जिलाबदर लोगों के घरों पर पहुंचकर उनकी जानकारी ली। साथ ही बदमाशों से पूछा कि वह क्या कारोबार कर रहे हैं। जीवनयापन करने के लिए क्या कर रहे हैं। बदमाशों को पुलिस ने समझाइश देते हुए कहाकि वह काम चंचा कर अपना जीवन यापन करें। अगर अपराध किया तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

**रात में खुलवाए गेट:** रात के समय पुलिस ने सभी होटल, ढाबों, लॉज के गेट खुलवाकर वहां पर रूके सभी व्यक्तियों की जानकारी ली। होटल, लॉज में ठहरने वालों के लिए स्टाफ को चेतावनी दी गई कि वह बिना आई.डी पूफ के किसी को भी नहीं ठहराए।

**गश्त में यह रहे मौजूद...**
पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में की गई कॉम्बिंग गश्त के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर (पूर्व) विदिता डागर, अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर अनु बेनीवाल, अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर सुमन गुर्जर, अति पुलिस अधीक्षक सामीण जयराज कुबेर एवं ग्वालियर पुलिस के समस्त सीएसपी, थाना प्रभारी एवं पुलिस का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# शिवपुरी से ग्वालियर आई महिला, रास्ते में जेवर पार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** बस में सवार होकर ग्वालियर आई महिला का जेवर से भरा पर्स चोरी हो गया। पुलिस ने मुकदमा कर लिया है। अनीता राय पत्नी वृंदावन राय उम्र 56 साल शिवपुरी से बस में बैठकर ग्वालियर आई थीं। यहां बस स्टैण्ड पर उतरने के बाद वह टमटम में बैठकर महाराज बाड़ा पर खरीदारी करने के लिए गईं। महाराज बाड़ा पर महिला ने अपना पर्स खोलकर देखा तो उसमें रखा छोटा पर्स गायब मिला। इस छोटे पर्स में सोने के जेवरात रखे हुए थे। झांसी रोड पुलिस ने मामला कायम कर लिया है।

# मेले में वायुसेना के बैण्ड की प्रस्तुति : बॉलीवुड की धुन पर झूमे श्रोता

## हिंदुस्तान मेरी जान गीत ने बांधा समां, वायुसेना का दिखा अलग रंग



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** हिंदुस्तान मेरी जान गीत के साथ वायुसेना के बैण्ड ने मेले में प्रस्तुति की शुरूआत की। ग्वालियर व्यापार मेले में वायुसेना के बैण्ड द्वारा दी गई रोमांटिंक गानों की शानदार धुन को सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ग्वालियर व्यापार मेले में वायुसेना के बैण्ड का अलग ही रंग सैलानियों को देखने को मिला। वायुसेना के बैण्ड पर रोमांटिक वालीवुड के गानों को सुनकर जो दर्शक जहां खडा था वहीं पूरी तन्मयता के साथ बैण्ड की प्रस्तुति को सुनने में मग्न हो गया। इस अवसर पर एयर कमोडोर मनीष शर्मा एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर फोर्स स्टेशन ग्वालियर, ग्रुप कैप्टन सुभाष सी सिंह चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, ग्रुप कैप्टन अमित बाजपेई स्टेशन सिक्योरिटी ऑफिसर, कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान व नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर रुचिका चौहान ने एयरफोर्स के बैंड द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति के लिए एयरफोर्स के अधिकारियों और बैंड के सदस्यों को धन्यवाद दिया। साथ ही सभी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। ग्वालियर व्यापार मेले में पहली बार वायुसेना के बैण्ड ने दो दिवसीय अपनी प्रस्तुति दी है। इस प्रस्तुति में वायुसेना के जवानों के कई रंग देखने को मिले। वायुसेना के बैण्ड ने षुरूआत फन फेयर की मधुर धुन से की। इसके बाद वंदे मातरम एवं हिंदुस्तान गीत की मधुर धुन प्रस्तुत की।

**रोमाटिंक गीतों की प्रस्तुति में दिखा वायुसेना का अलग रूप:** वायुसेना के बैण्ड ने आज वालीवुड के रोमांटिक गानों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। बालीवुड के गानों में 80-90 के दशक के रोमांटिक गानों ने समा बांध दिया। सबसे पहले बदन पर सितारे लपेटे हुए हो जाने तमन्ना कहां जा रही हो गाने की प्रस्तुति दी। इसके बाद जब हम चले, छू कर मेरे मन को किया तुने क्या इशारा आदि गानों की प्रस्तुति दी।

**स्टॉल पर सामान खरीदने उमडी भीड़:** वायुसेना की ओर से स्टॉल भी लगाया गया था, इस स्टॉल पर वायुसेना की टोपी, टीशर्ट सहित विभिन्न प्रकार की वस्तुएं रखी थीं। इन वस्तुओं को मेले में आए सैलानियों ने काफी पंसद किया और जमकर वस्तुओं की खरीदारी की।

# वृद्धा से जेवर लूटने वाले दो बदमाश दबोचे



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** मोहना थाना क्षेत्र में खेत जा रही महिला से लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरवाई क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने लूट की वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है, जबकि लूटे गए जेवरात की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस के अनुसार 22 जनवरी को दोपहर करीब एक बजे रामपुरी धाकड़ पत्नी माखन धाकड़, निवासी पुरानी धर्मशाला, पार्वती नदी किनारे स्थित अपने खेत जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आए दो युवकों ने उसे रोककर चाचा के बारे में पूछताछ की। बातों में उलझाकर एक युवक ने महिला को पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने उसके कान की सोने की बाली और मंगलसूत्र तोड़ लिया और दोनों फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरवाई रोड से दोनों आरोपियों विकास उर्फ विक्की कुशवाह और सूरज दिवाकर को पकड़ लिया।

# सिंध नदी के पास युवक की हत्या, गला घोंटने की आशंका

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** सिंध नदी के पास एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। गोराघाट थाना क्षेत्रांतर्गत कोटरा पुलिया के सामने एक अज्ञात व्यक्ति शव मिला है। इस मामले में मृतक के किसी परिचित के शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है। अब तक की फॉरेंसिक जांच में मामला सीधे तौर पर हत्या का नजर आ रहा है। मृतक की गर्दन पर गला दबाने के साफ निशान मिले हैं, जिससे गले के चारों ओर काला घेरा बन गया है। इससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि अज्ञात व्यक्ति की हत्या गला दबाकर की गई है। घटना के 24 घंटे बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जिससे यह पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक शव झाड़ियों में पड़ा मिला था। मृतक के सिर और चेहरे पर भी गंभीर चोटों के निशान हैं। आशंका है कि अज्ञात आरोपियों ने रात के अंधेरे में हत्या कर शव को सिंध नदी के पास कोटरा पुलिया के सामने फेंक दिया। मामले की विवेचना गोराघाट थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक मान सिंह धनौले द्वारा की जा रही है।

## सांसद ने ली जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक

**ग्वालियर 07 फरवरी।** क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ग्वालियर के माध्यम से जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे कार्य निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्यत: उपलब्ध कराई जाए।

# बोर्ड परीक्षाएं दस से, परीक्षा सामग्री का वितरण शुरू



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** एमपी बोर्ड की कक्षा 12 एवं 10 की परीक्षाएं दस फरवरी से प्रारंभ होने जा रहीं हैं। प्रशासन ने परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। दस फरवरी को कक्षा बारहवीं तथा 13 फरवरी को कक्षा दसवीं का पहला पेपर होगा। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के तहत आज शनिवार को शहरी क्षेत्र की परीक्षा सामग्री का वितरण इंदरगंज स्थित शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय शुरू हुआ। सुबह से परीक्षा सामग्री लेने के लिए शिक्षकों का आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया जो दोपहर तक अनवरत रूप से जारी रहा। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

# वर्तमान में इनोवेटिव और सस्टेनेबल बिजनेस की आवश्यकता : प्रो .नागेश्वर राव

## जेयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** आज के दौर में प्रबंधन केवल मुनाफे तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसमें सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक मूल्यों का समावेश आवश्यक हो गया है। सतत व्यावसायिक प्रथाएं ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव बन सकती हैं। यह बात इग्नू के पूर्व कुलगुरु प्रो.नागेश्वर राव ने शनिवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन मैनेजमेंट द्वारा 'समकालीन प्रबंधन के लिए सतत व्यावसायिक प्रथाएं: नवाचारी समाधानों की खोज' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रो.योगेश उपाध्याय, डॉ. राजकुमार आचार्य, प्रो.राजेंद्र खटीक, डॉ.राजीव मिश्रा, डॉ.स्वर्णा परमार मंचाशीन रहे। यह संगोष्ठी पीएम-उषा के अंतर्गत आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य बदलते वैश्विक परिदृश्य में प्रबंधन शिक्षा को अधिक व्यवहारिक, नवाचारी एवं सतत बनाना है। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक डॉ.स्वर्णा परमार ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. योगेश उपाध्याय ने कहा कि समकालीन प्रबंधन में तकनीक, डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस और स्टार्टअप संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रबंधन शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर अपडेट करना होगा।

सतत विकास के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए नवाचारी व्यावसायिक मॉडल तैयार करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविवेचन का समय है।जिसके पास ज्यादा विकल्प है वह अमीर है जिसके पास कम विकल्प है वह गरीब है सब विकल्पों का खेल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.राजकुमार आचार्य ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज और उद्योग की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम मानव संसाधन तैयार करना है। उन्होंने कहा कि पीएम-उषा जैसी योजनाएं उच्च शिक्षा को गुणवत्ता, शोध और नवाचार से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस प्रकार की संगोष्ठियां शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को नई सोच और दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के दौरान स्मारिका का विमोचन किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ.प्रियदर्शिनी नागौरी,खुशी कुशवाह, यश टिलवानी ने किया वहीं आभार प्रो.राजेंद्र खटीक ने व्यक्त किया।

**शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं प्रबंधन विशेषज्ञों ने पढ़े 20 से अधिक शोधपत्र**
कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिसमें देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं प्रबंधन विशेषज्ञों द्वारा 20 से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया गया।जिनमें सतत विकास, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, हरित प्रबंधन, सामाजिक उद्यमिता एवं नवाचार जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो.आईके पात्रो, प्रो.एके सिंह, डॉ.सुशील मंडेलिया, डॉ.सतेंद्र सिकरवार, प्रो. विवेक बापट, प्रो.जेएन गौतम, प्रो. एसएन महापात्रा, प्रो. एसके सिंह, प्रो. शांतिदेव सिसौदिया, प्रो. महेंद्र गुप्ता, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. समीर भाग्यवंत, प्रो. डीसी गुप्ता, डॉ. नवनीत गरूड़, डॉ.पीके जैन सहित शोधार्थी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking | सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल साईं बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126
**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट -IV क {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों के ऋणियों एवं जमानदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित सम्पत्तियां कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **26.02.2026** को कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानदार का नाम | बकाया राशि / नीलामी दिनांक | संपति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **शाखा: केनरा बैंक, ग्वालियर एस.एम.ई. शाखा, Ph.: 635450-0595, E-mail : cb3910@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी: श्रीमती डॉली शर्मा, पुत्री श्री आनंद शर्मा** पता: मकान नंबर -250, अनिलभाटिया परिसर टाइगर चौक, शताब्दीपुरम, डी.डी. नगर गिर्द, ग्वालियर (म.प्र.) **गारंटर: श्री गिर्राज शर्मा पुत्र श्री राम भरोसी** पता: 51-ई सेक्टर, दीनदयाल नगर, ग्वालियर, (म.प्र.)-474005 | Rs. 21,75,243.10/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | वार्ड क्रमांक 44 में स्थित आवासीय फ्लैट का विवरण, फ्लैट क्रमांक 101, प्रथम तल, शुक्ला अपार्टमेंट, दहीमंडी के सामने, दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर। क्षेत्रफल: 42.60 वर्ग मीटर। Cersai Id: 400055884774, **चतुर-सीमा: पूर्व-** हाउस दीगर, **उत्तर-** प्रोपर्टी शुक्ला, **पश्चिम-** कॉमन रोड, **दक्षिण-** प्रोपर्टी जैन। | Rs. 16,80,000/-<br>Rs. 1,68,000/-<br>Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक सिटी सेन्टर, ग्वालियर, Mob.: 79838-30415, Email: cb17781@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी:1. श्रीमती मीना कुशवाह पत्नी स्व. श्री हरविलाश कुशवाह ऋणी: 2. श्री संजय कुशवाह, पुत्र स्व. श्री हरविलाश कुशवाह** पता- वार्ड क्रमांक 52, भाग एसवाय, क्रमांक 327 से 332 मिन-1, 333, से 337, 357 एवं 358, न्यू शीतला कॉलोनी, प्रीतमपुरम कॉलोनी के पास, गुड़ा, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474001 **जमानतदार: श्री हरि सिंह कुशवाह पुत्र स्व. मन्नी सिंह कुशवाह** पता- न्यू शीतला कॉलोनी,12 बीघा, ट्रांसफार्म के पास, अजयपुर, गुड़ा, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) | Rs. 21,75,243.10/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन वार्ड क्रमांक 52, एसवाय क्रमांक 327 से 332 मिन-1 का भाग, 333 से 337, 357 एवं 358, न्यू शीतला कॉलोनी, प्रीतमपुरम कॉलोनी के पास, गुडा, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) -474001., क्षेत्रफल : 1800.00 वर्गफुट। **चतुर-सीमाएं: पूर्व** - भूमि श्री हरि सिंह, **पश्चिम** - सड़क एवं अन्य प्लॉट, **उत्तर** - मकान काशीराम कुशवाह, **दक्षिण** - मकान मोहन सिंह कुशवाह | Rs. 32,76,000/-<br>Rs. 3,27,600./-<br>Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, एल.आई.सी. सिटी सेन्टर, Ph.: 79838-30415, E-mail : cb17781@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी-मैसर्स श्री आशीर्वाद ग्रुप प्रस्तावक श्री. संजय शर्मा,** पता: प्रधान साहब का बाड़ा जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **मालिक- श्री. संजय शर्मा** पता: प्रधान साहब का बाड़ा, जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **गारंटर- श्री. नवीन वानखेड़े** पता: मकान नं. 71, जय बगरंग नागार्ट अनूप सिनेमा के पास, इंदौर-452010 | Rs. 81,53,418.35/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन का आवंटन एम.एच. क्रमांक 30/1080 (पुराना), टोपे ग्वालियर वाला मोहल्ला, प्रधान साहब का बाड़ा के पास, जीवाजीगंज, लश्कर ग्वालियर में स्थित है। **चतुर-सीमाएं: उत्तर:** सड़क निगम, **दक्षिण:** शेष प्लॉट, **पूर्व:** सड़क निगम, **पश्चिम:** सरकारी भूमि। | Rs. 45,90,000/-<br>Rs. 4,59,000/-<br>Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक गोला का मदिंर, ग्वालियर, Ph.: 84483-38142, Email: cb2897@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी और बंधककर्ता:1. श्रीमती स्मिता चतुर्वेदी पत्नी राजेश चतुर्वेदी** पता- अशोक कॉलोनी रोड, मुरार **2. राजेश चतुर्वेदी पुत्र जगदीश चंद्र जमानतदार: जोगेंद्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री गोधन सिंह** पता-लाला साहब का बगीचा माल रोड मुरार | Rs. 5,94,078.37/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | आवासीय भवन श्रीमती स्मिता चतुर्वेदी पत्नी राजेश चतुर्वेदी के नाम पर, पानी की टंकी शमशान नदी पार ताल रोड मोरार, ग्वालियर के पास, क्षेत्रफल: 675 वर्ग फुट। **चतुर-सीमाएं - उत्तर** : अन्य का मकान, **पूर्व** - रोड और श्री नारायण जाटव का मकान, **दक्षिण** - अयोध्या मिश्रा का मकान, **पश्चिम** - पाठक का मकान। | Rs. 15,85,000/-<br>Rs. 1,58,500/-<br>Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, भितरवार, Mob.: 8109323374, Email: cb5445@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी: मैसर्स ठाकुर बाबा मोटर्स प्रो. पंजाब सिंह परिहार पुत्र श्री खुशालीराम** पता: हर्सी रोड़, भितरवार ग्वालियर (म.प्र.)-475200 **प्रोपराइटर: पंजाब सिंह परिहार, पुत्र श्री खुशाली राम** पता: 28, एडवोकेट कॉलोनी, भितरवार (म.प्र.) पिन - 475200 | Rs. 28,93,569.45/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन आवासीय का आवंटन पंजाब सिंह परिहार सर्वे नं.3343/मिन-1, वार्ड नं.08 भितरवार, ग्वालियर (म.प्र.) क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट (20*40), **चतुर-सीमाएँ-उत्तर:** नवल सिंह का प्लॉट, **दक्षिण:** बघेल का प्लॉट, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** भूमि या विक्रेता | Rs. 15,85,000/-<br>Rs. 1,58,500/-<br>Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, ग्वालियर मैन ब्रांच, Ph. 89899-89135 , E-mail : cb0295@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी: 1. श्री. किशोर कांत त्यागी,** पुत्र श्री कालीचरण त्यागी, पता: 44, कुंज विहार कॉलोनी, भिंड रोड, गोले का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.)-474005 **2. श्री. श्याम कांत त्यागी, सुपुत्र श्री कालीचरण त्यागी** पता: 44, कुंज विहार कॉलोनी, भिंड रोड, गोले का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.)-474005 | Rs. 9,70,714.53/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन आवासीय का आवंटन पंजाब सिंह परिहार सर्वे नं.3343/मिन-1, वार्ड नं.08 भितरवार, ग्वालियर (म.प्र.) क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट (20*40), चतुर-सीमाएँ-उत्तर: नवल सिंह का प्लॉट, दक्षिण: बघेल का प्लॉट, पूर्व: सड़क पश्चिम: भूमि या विक्रेता | Rs. 25,20,000/-<br>Rs. 2,52,000/-<br>Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, माधौगंज, ग्वालियर, Mob.: 9131436802, Email: cb5202@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी- 1. श्री ब्रिजेश सिह भदौरिया** पता: निवासी गिरिराज भवन साईं मंदिर, गोला का मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474005 **2. संगीता भदौरिया पत्नि ब्रिजेश सिंह भदौरिया** पता: साईं मंदिर, गोला का मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474005 | Rs. 5,68,571.66/- + ब्याज एवं खर्चे<br>नीलामी दिनांक 26-02-2026 (सांकेतिक) | नगरपालिका भूखंड संख्या 75 ए, श्री गजानन ग्राम इनक्लेव, ग्राम लखमीपुर, वार्ड संख्या 18, जिला- ग्वालियर, मध्यप्रदेश में स्थित 630 वर्ग फीट (58.55 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाले आवासीय मकान का क्षेत्रफल। **चतुर-सीमाएं: पूर्व:** खुली भूमि, **पश्चिम:** भूखंड संख्या 75, **उत्तर:** भूखंड संख्या 70, **दक्षिण:** सड़क। | Rs. 13,50,000/-<br>Rs. 1,35,000/-<br>Rs. 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 26-02-2026, दोपहर 1 से 2 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर )**

**अन्य नियम व शर्तें:** (1) संपत्ति ''जैसी है जहां है'' स्थिति में बेची जाएगी, जिसमें कोई भार शामिल होगा। (बैंक के ज्ञान में कोई भार नहीं है। भार के विवरण के लिए, नीचे खंड 9 (डी) में संदर्भित बयाना राशि जमा करने से पहले नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें)। नीलामी / बोली केवल **Website: http://baanknet.in** के माध्यम से ऑनलाइल इलेक्ट्रोनिक बोली के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। (2) संपत्ति केवल आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाएगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ, **25.02.2026** से पहले किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। (4) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **http://baanknet.in/** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करना चाहिए। (5) भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस (एबकेरे), श्री धर्मेश आशेर, संपर्क नंबर **98922-19848**, ई-मेल: **support.baanknet@ psballiance.com** और **avp-projectmanager2@ psballiance.com** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि वेबसाइट **http://baanknet.in/** के माध्यम से असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) नीलामी ऊपर बताए अनुसार आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता 10,000 रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी के समापन पर सबसे ऊंची बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। (7) सफल बोलीदाता को स्वयं को सफल बोलीदाता घोषित करने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। उसके द्वारा की गई जमा राशि बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को तुरंत फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये) और उससे अधिक की बिक्री आय के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद जमा करनी होगी। (9) सभी परिवहन शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और किसी भी स्थानीय प्राधिकरण को कोई कर, राजस्व/बकाया केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। (10) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों व शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (11) यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या किसी शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। (12) **25.02.2026** को या उससे पहले नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/चालान के माध्यम से एबक्रे वेबसाइट के सफल पंजीकरण के बाद आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत ईएमडी राशि ई-वॉलेट में जमा की जानी है। ईएमडी राशि को ई-वालेट में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के बाद, बोलीदाता पात्र संपत्तियों में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए रिकवरी और लीगल सेक्शन, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर मोबा: 8989992605 से संपर्क करें।

**स्थान: ग्वालियर** | **दिनांक: 07-02-2026** | **प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95